छत्तीसगढ़ शासन
वित्त विभाग
—:: मंत्रालय ::—
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
जिला रायपुर

क्रमांक 767/ सी.एस.एस./ब–4/चार, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 01 /04/2022

प्रति,

शासन के समस्त विभाग
समस्त विभागाध्यक्ष
छत्तीसगढ़

विषय :— केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत राशि विमुक्ति की संशोधित प्रक्रिया के तहत योजनाओं की मैपिंग के संबंध में।

———000———

भारत सरकार के कार्यालयीन ज्ञापन एफ.क्र.1(13)/पीएफएमएस/एफसीडी/2020 दिनांक 23.03.2021 के द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के केन्द्रांश व राज्यांश हेतु पृथक बजट लाईन तैयार किये जाने के निर्देश है। जिसके अनुक्रम में वित्तीय वर्ष 2022–23 के बजट में केन्द्रांश व राज्यांश के लिये पृथक –पृथक सेगमेंट कोड में बजट प्रावधान किये गये है। सेगमेंट कोड 0701, 0702,0703 में केन्द्रांश तथा नवीन सेगमेंट कोड 0704, 0705,0706 में क्रमशः आनुपातिक राज्यांश की राशि प्रावधानित है।

ज्ञातव्य है कि पीएफएमएस ट्रेजरी इन्टीग्रेशन के माध्यम से पीएफएमएस पोर्टल के साथ बजट प्रावधान एवं व्यय के आकड़े साझा किये जाते है, जो पीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित होती है। पोर्टल पर उपलब्ध रिपोर्ट में सही आकड़े प्रदर्शित होने के लिये योजनाओं की सही बजट शीर्षो की मैपिंग अनिवार्य है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में नवीन सेगमेंट कोड खुल जाने के कारण पोर्टल पर मैपिंग किये गये योजनाओं का पुनरीक्षण आवश्यक है।

अतः विभागो से अनुरोध है कि पीएफएमएस पोर्टल में केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के मैपिंग हेतु भारत सरकार के योजना कोड, स्टेट लिंक्ड स्कीम कोड तथा योजना से संबंधित बजट प्रावधानों की जानकारी पीएफएमएस, एसपीएमयू टीम को उपलब्ध करावें। मैपिंग का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करा लिया जावें ताकि वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान पोर्टल पर रिपोर्ट में विसंगति प्रदर्शित नहीं हो।

साथ ही पीएफएमएस पोर्टल में दर्ज विभागों की योजनाओं को प्रचलित बजट प्रावधानों के अनुसार समय–समय पर मैपिंग अद्यतन किये जाने का अनुरोध किया जाता है।

01/04/2022
(ऋषभ पराशर)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग

क्रमांक 768 / सी.एस.एस./ब–4/चार, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 01 /04/2022

प्रतिलिपि :—

1. महालेखाकार, छत्तीसगढ़, रायपुर
2. मुख्य सचिव के उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
3. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त के निज सहायक, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
4. समस्त विशेष सचिव/अपर सचिव/संचालक, बजट/संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/शोध अधिकारी/विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग एवं समस्त शाखा, वित्त विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर

5. संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर
6. संयुक्त महालेखा नियंत्रक , पी.एफ.एम.एस. ,राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई इन्द्रावती भवन नवा रायपुर ,अटल नगर की ओर सूचनार्थ
7. राज्य सूचना अधिकारी, एन.आई.सी. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. संचालक, वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, नवा रायपुर अटल नगर को वित्त विभाग की वेबसाइट www.cgfinance.nic.in पर अपलोड करने हेतु।

(चन्द्र प्रकाश पाण्डेय)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग